# Hindi Handbook
## (Text & Workbook Answers)

# इंद्रधनुष

## भाग-3

RAINBOW PUBLISHERS PVT. LTD.
Value Education

IX/14-15, Kakkanad-Pallikkara Road, Athani
Kusumagiri P.O., Kakkanad, Kochi-682 030.
Phone: 0484-2429261, 9072391869, 8594040422

# इंद्रधनुष भाग-3

## 1. मेरी सहेली

**आ. बहुवचन शब्द लिखें:**

आदमी - आदमी
कक्षा - कक्षाएँ
सड़क - सड़कें
सहेली - सहेलियाँ

**इ. पढ़ें, समझें और लिखें:**

क्ष - कक्षा    ज्ञ - ज्ञानी    श्र - आश्रय    त्र - चित्र

**ई. वाक्य पूरे करें:**

क. कमला मेरी सहेली है।
ख. हम दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते हैं।
ग. वह पढ़ाई में अच्छी है।
घ. गोपाल कमला का छोटा भाई है।

**उ. उत्तर लिखें:**

क. कमला कैसी लड़की है?
कमला बहुत अच्छी लड़की है।
ख. कमला ने अंधे आदमी की कैसे मदद की?
कमला ने अंधे आदमी को सड़क पार करने में मदद की।
ग. कमला के छोटे भाई का नाम क्या है?
कमला के छोटे भाई का नाम गोपाल है।

## 2. वर्षा (कविता)

**इ. उत्तर लिखें:**

क. वर्षा में बच्चे क्या कर रहे हैं?
वर्षा में बच्चे बड़े मज़े से नाच रहे हैं।

## 3. भोलू का कुत्ता

**ई. उत्तर लिखें:**

क. भोलू के कुत्ते का नाम क्या था?
भोलू के कुत्ते का नाम टामी था।



ख. भोलू के कुत्ते ने सड़क पर जाते कुत्तों को देखकर क्या सोचा?
सड़क पर जाते कुत्तों को देखकर भोलू ने सोचा "वे कितने भाग्यशाली हैं, जहाँ चाहें जा सकते हैं जो चाहें खा सकते हैं।"
ग. दरवाज़ा खोलने पर भोलू ने क्या देखा?
दरवाज़ा खोलने पर भोलू ने अपने सामने टामी को देखा। टामी बहुत थका हुआ था और पतला हो गया था।

## 4. उपहार

**आ. उल्टे अर्थवाले शब्द लिखें:**

सराहना x निंदा
दयालु x निर्दय
चतुर x मूर्ख
नया x पुराना

**इ. पढ़ें, समझें और लिखें:**

द्य - विद्यालय
न्म - जन्मदिन

**ई. उचित शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा करें:**

क. मिठाइयाँ, ख. बधाइयाँ, ग. शौक, घ. धूमधाम

**उ. उत्तर लिखें:**

क. चमेली के माता-पिता क्या काम करते थे?
चमेली के पिता खेत में काम करते थे और माता घरों में काम करती थीं।
ख. चमेली कैसी लड़की थी?
चमेली दयालु और चतुर लड़की थी।
ग. अपने जन्मदिन पर चमेली क्यों उदास थी?
अपने जन्मदिन पर चमेली उदास थी क्योंकि उसके पास नये कपड़े नहीं थे। सहेलियों को देने के लिए मिठाइयाँ नहीं थी।
घ. अध्यापिका जी ने उसे जन्मदिन पर क्या दिया?
अध्यापिका जी ने उसे जन्मदिन पर एक सुंदर घड़ी दी।

## 5. मेरी दीदी (कविता)

**इ.** दीदी भैया के लिए क्या-क्या करती है?
दीदी भैया को पढ़ाती है, खिलाती है, कथा सुनाती है और उसके लिए गीत गाती है।

## 6. शरारती बालक सुशील

**आ. वचन बदलें:**
मिठाई - मिठाइयँ कुत्ता - कुत्ते आँख - आँखें

**इ. लिंग बदलें:**
माता - पिता बेटा - बेटी
लड़का - लड़की पत्नी - पति

**ई. उल्टे अर्थवाले शब्द लिखें:**
अधिक x कम, घृणा x प्यार, प्रसन्न x अप्रसन्न, सुविधा x असुविधा

**उ. पढ़ें, समझें और लिखें:**
स्व - स्वभाव ल्ल - बिल्ली
व्य - व्यवहार प्र - प्रसन्न

**ऊ. किसने किससे कहा?**
क. "यह आप क्या कर रहे हैं?"
सुशील ने पिताजी से कहा।
ख. "आखिर, तुम्हारी तरह उनको भी तो दर्द होगा।"
पिताजी ने सुशील से कहा।

**ऋ. उत्तर लिखें:**
क. धनी पति-पत्नी के दुख का कारण क्या था?
धनी पति-पत्नी के दुख का कारण यह था कि उनकी कोई संतान न थी।
ख. सुशील जीव-जन्तुओं के साथ कैसा व्यवहार करता था?
सुशील जीव-जंतुओं पर पत्थर मारता और उनके हाथ पाँव खींचकर उनको सताता था।



ग. माता-पिता उसे क्यों कुछ नहीं कहते थे?
सुशील अपने माता-पिता का अकेला बेटा था और वे उनको बहुत प्यार करते थे। इसलिए वे उसे कुछ नहीं कहते थे।
घ. सुशील के स्वभाव में कैसे परिवर्तन आया?
एक दिन जब पिताजी ने उसे पीटना शुरु किया तो उसने पूछा कि आप यह क्या कह रहे हैं? तब उन्होंने कहा कि इसी तरह जीव-जंतुओं को भी तो दर्द-होगा। यह सुनकर उसके स्वभाव में परिवर्तन आया।

## 7. जन्मदिन (पत्र)

**आ. पढ़ें, समझें और लिखें:**
न्त - जन्तु
म्ह - तुम्हारा

**इ. उत्तर लिखें:**
क. विम्मी की सहेली का नाम क्या है?
विम्मी की सहेली का नाम जया है।
ख. विम्मी ने सहेली को पत्र क्यों लिखा?
अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए विम्मी ने सहेली को पत्र लिखा।
ग. माताजी और पिताजी विम्मी को क्या-क्या खरीदकर देंगे?
माताजी विम्मी को चूड़ियाँ और पिताजी फ्राक खरीदकर देंगे।
घ. राकेश भैया विम्मी को क्या खरीदकर देंगे?
राकेश भैया विम्मी को बैट्री से चलनेवाली गुड़िया खरीदकर देंगे।

## 8. जादू का खेल

**इ. पढ़ें, समझें और लिखें:**
न्य - धन्यवाद त्थ - हत्थि

**उ. उत्तर लिखें:**

क. किशोर की माँ ने बच्चों को खाने के लिए क्या दिया?
किशोर की माँ ने बच्चों को खाने के लिए पकौड़े और लड्डू दीं।

ख. जादू देखने कौन-कौन गए?
जादू देखने जॉन, नरेश, किशोर, नजमा, रणधीर, कमला और अनिल गए।

ग. जादूगर ने किस प्रकार के कपड़े पहने हुए थे?
जादूगर ने रंगीन चमकदार कपड़े पहने हुए थे।

घ. जब जादूगर ने एक फूल ऊपर की ओर फेंका तो क्या हुआ?
जब जादूगर ने एक फूल ऊपर की ओर फेंका तब फूल नीचे आते ही हज़ारों फूल बन गए।

ङ. जादूगर ने बच्चों के हाथ में दिए पत्थरों को क्या बना दिया?
जादूगर ने बच्चों के हाथ में दिए पत्थरों को लड्डू बना दिए।

## 9. सीख रे मानव सीख (कविता)

**इ. इस कविता में दिनकर नदियों और मौसम से क्या सीखने को कहा गया है?**

इस कविता से मानव को किसी काम करने में देर न करने का उपदेश देता है।

## 10. होली

**ई. पढ़ें, समझें और लिखें:**

त्य - सत्य        स्व - स्वर

**उ. उचित शब्दों से वाक्य पूरे करें:**

क. होली रंगों का त्योहार है।

ख. पिचकारियों में रंग भर कर एक दूसरे पर डालते हैं।

ग. होली की रात लकड़ियाँ जलाते हैं।

घ. एक दूसरे पर गुलाल मलते हैं।



**ऊ. उत्तर लिखें:**

क. हिरण्यकशिपु अपने पुत्र प्रह्लाद से क्यों नाराज़ हुए?
प्रह्लाद अपने पिता हिरण्यकशिपु को ईश्वर नहीं मानता था। इसलिए वह प्रह्लाद से नाराज़ हो गया।

ख. होली का त्योहार कैसे मनाया जाता है?
होली के दिन सभी लोग पिचकारियों में रंग भरकर एक दूसरे पर डालते हैं, चेहरे पर गुलाल मलते हैं और खुशियाँ मनाते हैं।

ग. होलिका को क्या वरदान प्राप्त था?
होलिका को यह वरदान प्राप्त था कि वह आग में नहीं जलेगी।

घ. इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?
इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि अच्छाई और सत्य की हमेशा जीत होती है।

## 11. चिड़िया का बच्चा

**ई. किसने किससे कहा?**

क. "आओ पहले इसे कुछ खाने को दे दें।"
कमला ने नितिन से कहा।

ख. "चलो इसे घर ले चलें।"
नितिन ने राजू से कहा।

**उ. क्रमानुसार वाक्यों को लिखें।**

क. राजू अपने मित्रों के साथ बाग में खेल रहा था।

ख. पेड़ के नीचे चिड़िया का बच्चा चीं-चीं कर रो रहा था।

ग. गोपाल ने उसे अपनी हथेली पर उठा लिया।

घ. सबने मिलकर चिड़िया के बच्चे को गेहूँ खिलाने का प्रयत्न किया।

**ऊ. उत्तर लिखें:**

क. राजू अपने मित्रों के साथ कहाँ खेल रहा था?
राजू अपने मित्रों के साथ बाग में खेल रहा था।

ख. चिड़िया का घोंसला कहाँ था?
चिड़िया का घोंसला पेड़ की एक झुकी हुई शाखा पर था।
ग. चिड़िया के बच्चे ने गेहूँ के दाने क्यों नहीं खाए?
चिड़िया के बच्चे ने गेहूँ के दाने नहीं खाए क्योंकि वह बहुत छोटा था।

## 12. तितली रानी (कविता)

**इ. ऊँचे स्वर में पढ़ें और लिखें:**

रु - रुपया  रू - रूठ

## 13. स्वाभिमानी बालक

**इ. वचन बदलें:**

देवी - देवियाँ  बालक - बालक
पुत्र - पुत्र  पैसा - पैसे

**ई. उत्तर लिखें:**

क. उस छोटे-से बालक का नाम क्या था?
उस छोटे से बालक का नाम लाल बहादुर था।
ख. उसके साथियों ने उससे क्या कहा?
उसके साथियों ने उससे चुपचाप नाववाले की आँख बचाकर नाव में बैठ जाने को कहा।
ग. शास्त्री जी के आदर्श क्या थे?
'सादा जीवन उच्च विचार' और जय-जवान - जय किसान' शास्त्री जी के आदर्श थे।
घ. वे कब प्रधानमंत्री बने?
पंडित जवाहरलाल नेहरु के बाद शास्त्री जी देश के प्रधानमंत्री बने।
ङ. ललिता शास्त्री कैसी महिला थी?
ललिता शास्त्री साहसी, पवित्रता, धार्मिक और उच्च विचारों की महिला थीं।



## 14. सप्ताह के दिन

**आ. 'र' कई तरह से लिखा जाता है - जानें,**

र - रस्सी, (र्) - पर्व, (्र) - ग्राम, (्र) - ड्रामा

**इ. अनेक शब्दों केलिए एक शब्द चुनकर लिखें:**

क. मासिक, ख. वार्षिक, ग. दैनिक, घ. साप्ताहिक

**ई. उत्तर लिखें:**

क. एक सप्ताह में कितने दिन होते हैं?
एक सप्ताह में सात दिन होते हैं।
ख. एक वर्ष में कितने महीने होते हैं?
एक वर्ष में बारह महीने होते हैं।
ग. एक वर्ष में कितने दिन होते हैं?
एक वर्ष में तीन सौ पैंसठ दिन होते हैं।
घ. शनिवार के बाद कौन-सा दिन आता है?
शनिवार के बाद सोमवार आता है।

## 15. मोर

**आ. विलोम शब्द लिखें:**

सावधानी x असावधानी  ऊँची x नीची
भयभीत x निर्भय  बहुत x कम
गरमी x सरदी  शत्रु x मित्र

**इ. वाक्यों को पूरा करें:**

क. मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।
ख. मोर के पंखों का मोरछल बनाकर लोग घरों को सजाते हैं।
ग. मोर एक शांतिप्रिय पक्षी है।
घ. यह निर्जन स्थान में जाकर अंडा देती है।

**ई. उत्तर लिखें:**

क. हमारा राष्ट्रीय गान क्या है?
'जन-गण-मन' हमारा राष्ट्रीय गान है।

ख. हमारा राष्ट्रीय पशु कौन है?
बाघ हमारा राष्ट्रीय पशु है।
ग. मोर कैसे स्थान पर बसेरा करता है?
जहाँ जलाशय, पेड़ तथा घाटी हो ऐसे स्थानों पर मोर बसेरा करता है।
घ. वर्षा ऋतु में आकाश के काले बादलों को देखकर मोर क्या करता है?
वर्षा-ऋतु में आकाश के काले बादलों को देखकर मोर नाचने लगता है।
क. मोर को सर्वभक्षी क्यों कहा गया है?
मोर को सर्वभक्षी कहा गया है क्यों कि यह कीड़े, मकोड़े, साँप, दाना-चुग्गा सब कुछ खाता है।

## 16. खुशी के आँसू (कविता)

**इ. इन शब्दों के शुद्ध रूप लिखें:**

तीनका - तिनका
ढुँढ़कर - ढूँढ़कर
चिड़ीया - चिड़िया
दूनिया - दुनिया
सुकूमार - सुकुमार

## 17. फुटबॉल

**इ. मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करें:**

धावा बोलना - खेलते समय खिलाड़ी एक दूसरे पर धावा बोलते हैं।
नाम रौशन करना - अच्छे बच्चे अपने माता-पिता का नाम रौशन करते हैं।

**ई. सही वाक्य पर ✓ और गलत वाक्य पर ✗ चिह्न लगाएँ:**

क. फुटबॉल के अन्दर ब्लेडर होता है। ✓
ख. जो कम गोल करेगा फुटबॉल में उसकी जीत होती है। ✗
ग. खेलकूद से पूरा व्यायाम होता है। ✓
घ. यह एक राष्ट्रीय खेल है। ✗
ङ. खेलते समय सावधान रहना पड़ता है। ✓



**उ. उत्तर लिखें:**

क. बच्चे मैदान में शोर क्यों मचा रहे थे?
सभी बच्चे अपनी-अपनी पसंद का खेल खेलने के लिए मैदान में शोर मचा रहे थे।
ख. बच्चों ने कौन-सा खेल खेलने का फैसला किया?
बच्चों ने फुटबॉल खेलने का निश्चय किया।
ग. फुटबॉल कैसा खेल है?
फुटबॉल चुस्ती और फुर्ती का खेल है। इससे पूरा व्यायाम होता है।
घ. जीवन में खेलकूद का विशेष महत्व क्यों है?
जीवन में खेलकूद का विशेष महत्व है क्योंकि इससे आत्म शक्ति का विकास होता है। शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है।
ङ. विश्व के दो प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ियों के नाम बताइए।
पेले और मैरडोना।

## 18. केरल

**इ. वाक्य पूरे करें:**

क. ओणम खुशी और उत्साह का त्योहार है।
ख. शंकराचार्य का जन्म कालड़ी में हुआ था।
ग. कथकलि यहाँ की प्रमुख कला है।
घ. कोच्ची एक प्रसिद्ध बंदरगाह है।

**ई. वाक्य बनाएँ:**

त्योहार - ओणम केरल का मुख्य त्योहार है।
पावन - गंगा भारत की पावन नदी है।
समृद्ध - अमेरिका एक समृद्ध राष्ट्र है।
प्रसिद्ध - गाँधीजी का नाम पूरे संसार में प्रसिद्ध है।
दर्शनीय - ताजमहल की सुंदरता दर्शनीय है।

**उ. उचित उत्तरों को मिलाकर रेखा खींचें:**

कोवलम - समुद्रतट की सुंदरता

मून्नार - प्राकृतिक सौंदर्य

कथकली - प्रसिद्ध कला

ओणम - बोट रेस

**ऊ. उत्तर लिखें:**

क. केरल में कौन-सी भाषा बोली जाती है?

केरल में मलयालम बोली जाती है।

ख. केरल के दो प्रसिद्ध मंदिरों के नाम क्या हैं?

गुरुवायूर और शबरिमला केरल के प्रसिद्ध मंदिर हैं।

ग. यहाँ की दो प्रसिद्ध नदियाँ कौन-सी हैं?

पंपा और पेरियार यहाँ की प्रसिद्ध नदियाँ हैं।

घ. यहाँ का प्रमुख त्योहार कौन सा है?

ओणम केरल का प्रमुख त्योहार है।

## 19. वीर सिपाही (कविता)

**आ. नीचे लिखे शब्दों को शब्दकोश-क्रम में लिखे:**

कदम, चोटी, प्रण, भारत, वीर, सिपाही

**इ. कविता से समान तुकवाले शब्द चुनकर लिखें:**

वीर - धीर, रखना - फहराना

**उ. उत्तर लिखें:**

क. हमारे देश का नाम क्या हैं?

हमारे देश का नाम भारत हैं।

ख. यह कविता किसके बारे में है?

यह कविता वीर सिपाही के बारे में है।

## 20. बड़ा कौन

**आ. पर्यायवाची शब्द लिखें:**

पेड़ - वृक्ष, तरु    नदी - सरिता, तरंगिणी



बादल - घन, मेघ    धरती - धरा, भूमि

पहाड़ - पर्वत, गिरि    सूर्य - सूरज, रवि

**ई. विलोम शब्द लिखें:**

मीठा x कडुआ    ऊपर x नीचे

सुख x दुख    संतुलन x असंतुलन

जन्म x मृत्यु    गरम x ठंडा

**उ. किसने किससे कहा?**

क. "लेकिन सब जीव-जन्तुओं की प्यास तो मैं ही मिटाती हूँ"

नदी ने पेड़ से कहा।

ख. "देखो तो मैं कितना बलवान हूँ?"

पेड़ ने नदी से कहा।

ग. "रास्ते में अगर मैं न आता तो बादल तू वर्षा बनकर कैसे बरसता?"

पहाड़ ने नदी से कहा।

**ऊ. उत्तर लिखें:**

क. इस पाठ से तुम्हें क्या प्रेरणा मिलती है?

इस पाठ से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए। हर चीज़ का अपना महत्व होता है।

ख. पेड़ हमारी किस प्रकार सहायता करता है?

पेड़ हमें मीठे फल देते हैं। उसकी छाया हमको सुख पहुँचाती है। इससे हमें हवा भी मिलती है।

## 21. इनको पहचानिए

**आ. विलोम शब्द लिखें:**

देश x विदेश    जीवित x मृत

अस्वस्थ x स्वस्थ    रोगी x नीरोग

सफलता x असफलता

**इ. नीचे लिखे वाक्य पढ़ें, और 'कि' या 'की' का प्रयोग कर वाक्य पूरे करें:**

क. रानी की माँ एक अध्यापिका है।

ख. मदर टेरेसा के भीतर यह विचार जाग उठा कि दीन-दुखियों की सेवा करनी चाहिए।

ग. भारत की राजधानी दिल्ली है।

**ई. वाक्यों को पूरा करें:**

क. युगोस्लाविया में मदर टेरेसा का जन्म हुआ था।

ख. 1980 में उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया।

ग. मदर टेरेसा नम्रता और विनय की साक्षात देवी थीं।

घ. टेलीविज़न का आविष्कार बेयर्ड ने किया।

ङ. नई-नई चीज़ें बनाने में उनकी बहुत रुचि थी।

**उ. उत्तर लिखें:**

क. मदर टेरेसा का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
26 अगस्त 1910 ई. को युगोस्लाविया के स्कोप्जे में हुआ था।

ख. वे किस प्रकार लोगों की सेवा में लगी रहती थीं?
वे असहायों तथा पीड़ितों की सेवा में लगी रहती थीं।

ग. पोप की अनुमति से उन्होंने कौन-सी संस्था बनाई?
पोप की अनुमति से उन्होंने "मिशनरीज़-ऑफ-चैरिटीज़" नामक संस्था बनाई।

घ. जॉन बेयर्ड में आत्मविश्वास कब पैदा हुआ?
जॉन बेयर्ड को जब नई-नई चीज़ें बनाने से छोटी-छोटी सफलता मिली तब उनमें आत्मविश्वास पैदा हो गया।

ङ. बेयर्ड की कंपनी का नाम क्या था?
जॉन बेयर्ड की कंपनी का नाम 'बेयर्ड टेलीविज़न कंपनी' था।

## गिनती

**नीचे दी गई संख्याओं को शब्दों में लिखें:**

| | | |
|---|---|---|
| २० - बीस | ७ - सात | २४ - चौबीस |
| २९ - उननीस | ३० - तीस | ६ - छह |



# इंद्रधनुष भाग-3
## (Workbook Answers)

## 1. मेरी सहेली

**अ. दाईं ओर लिखे शब्दों में से सही शब्द चुनकर पाठ के आधार पर वाक्यों को पूरा करें:**

क. अच्छी, ख. प्यार, ग. छोटा, घ. पहली

**आ. वाक्य में प्रयोग करें:**

सहायता - हमें सबकी सहायता करनी चाहिए।

होशियार - गोपाल होशियार लड़का है।

**इ. वचन बदलें:**

क. कक्षाएँ, ख. सहेलियाँ, ग. लड़कियाँ

**ई. पाठ में पहले क्या हुआ, फिर क्या हुआ उसी क्रम से वाक्यों को दाईं ओर के खाली जगहों में 1, 2, 3 आदि क्रमानुसार लिखें:**

| | |
|---|---|
| वह जानना चाहती थी कि अंधा आदमी क्या कर रहा है। | 3 |
| उसने एक अंधे आदमी को सड़क के किनारे खड़ा देखा। | 1 |
| कमला ने अंधे आदमी का हाथ पकड़कर सड़क पार करने में उसकी मदद की। | 5 |
| कमला को पता चल गया कि वह सड़क पार करना चाहता है। | 4 |
| कमला वहीं खड़ी रही। | 2 |

**उ. भिन्नार्थ वाले शब्दों के नीचे रेखा खीचें:**

क. बहन, ख. चतुर, ग. पड़ोसी

**ऊ. उत्तर लिखें:**

क. कमला ने सड़क के किनारे एक अंधे आदमी को देखा।

ख. वह आदमी सड़क पार करना चाहता था।

ग. गोपाल पहली कक्षा में पढ़ता है।

## 2. वर्षा (कविता)

**आ. समानार्थक हिन्दी शब्द लिखें:**

वर्षा = बारिश  खुशी = प्रसन्नता  धरती = भूमि
पशु = जानवर  पक्षी = चिड़िया  बादल = मेघ

## 3. भोलू का कुत्ता

**अ. समान अर्थवाले शब्द लिखें:**

चेहरा = शक्ल  बाग = बगीचा
भाग्यशाली = अच्छी किस्मतवाला  प्यार = प्रेम
परेशान = चिंतित

**आ. दो-दो शब्द लिखें:**

त्त - कुत्ता, पत्ता  ग्य - ग्यारह, योग्य
द्य - विद्या, विद्यालय

**इ. वाक्यों में प्रयोग करें:**

रखवाली - कुत्ता घर की रखवाली करता है।
परेशान - रामु परेशान है।
शौक - उषा को पढ़ने का शौक है।

**ई. नीचे लिखे शब्दों से सही शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा करें:**

क. से, ख. और, ग. लेकिन, घ. उदास, ङ. के

**उ. उत्तर लिखें:**

क. कुत्ते का नाम टामी था।
ख. भोलू का कुत्ता देखने में सुंदर था।
ग. टामी ने सोचा, वे कुत्ते कितने भाग्यशाली है।

## 4. उपहार

**अ. निम्नलिखित शब्दों को पढ़ें और जो शब्द उनसे भिन्न अर्थ वाले हो उसके नीचे रेखा खींचें:**

क. सड़क, ख. खेत , ग. कक्षा, घ. उपहार, ङ. कपड़े



**आ. उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखें:**

सराहना x निंदा  मुश्किल x आसान
गरीब x अमीर  बहुत x थोड़ा

**इ. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करें:**

क. गुज़ारा  ख. शौक
ग. अध्यापिकाएँ  घ. बधाइयाँ

## 5. मेरी दीदी (कविता)

**आ. समान अर्थवाले शब्द लिखें:**

क. हमेशा  ख. ज़्यादा  ग. गान  घ. कहानी

**इ. वाक्य बनाएँ:**

हरदम - हरदम मीठा बोलो।  बहुत - बहुत मत बोलो।
गीत - गीत गाओ  कथा - कथा सुनाओ।

## 6. शरारती बालक सुशील

**अ. समानार्थक शब्दों को रेखा खींचकर मिलाएँ:**

प्रसन्न = खुश  ज़मीन = भूमि  पानी = जल
भगवान = ईश्वर  डर = भय  अधिक = बहुत

**इ. शब्दों के सही रूप से वाक्य पूरे करें:**

क. बुरे  ख. घृणा  ग. दुखी

**ई. उत्तर लिखें:**

क. सुशील जीव-जन्तुओं को सताता था, उनपर पत्थर मारता, उनके हाथ-पाँव खींचता था।
ख. सुशील के पिताजी उसे समझाया कि तुम्हारी तरह जीव जन्तुओं की भी दर्द होगा। तब से उसके स्वभाव में परिवर्तन आया।

## 7. जन्मदिन (पत्र)

**अ. समान अर्थवाले शब्द लिखें:**

हफ्ता = सप्ताह　　ज़रूर = अवश्य

प्रणाम = नमस्ते　　इन्तज़ार = प्रतीक्षा

**आ. वचन बदलें:**

चूड़ी - चूड़ियाँ　　सहेली - सहेलियाँ

हफ्ता - हफ्ते　　गुड़िया - गुड़ियाँ

**इ. अपने जन्मदिन के बारे में चार वाक्य लिखें:**

मैं ने अपने जन्मदिन पर सहेलियों को बुलाया। उन्होंने मुझे उपहार दिए। हम सबने खूब मिठाइयाँ खाई। मैं अपना जन्मदिन हर साल धूमधाम से मनाती हूँ।

## 8. जादू का खेल

**अ. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें:**

फूल - पुष्प, सुमन　　मित्र - दोस्त, सखा

**इ. उत्तर लिखें:**

क. किशोर के पिताजी बच्चों को लेकर जादू देखने गए ।

ख. जादूगर के हाथ में जादू की छड़ी थी।

## 9. सीख रे मानव सीख! (कविता)

**अ. समान अर्थवाले शब्द लिखें:**

दिनकर = सूर्य　　नदी = सरिता

मौसम = ऋतु　　मानव = मनुष्य

## 10. होली

**अ. सही वाक्यों पर ✓ और गलत वाक्यों पर ✗ का चिह्न लगाएँ:**

क. ✗　　ख. ✓　　ग. ✓　　घ. ✗



**आ. उल्टे अर्थवाले शब्दों को रेखा खींचकर मिलाएँ:**

अमीर x गरीब　　छोटे x बड़े　　विजय x पराजय

अच्छाई x बुराइ　　विश्वास x अविश्वास　　सत्य x असत्य

**इ. उत्तर लिखें:**

होली कैसे मनाई जाती है? उसके बारे में तीन वाक्य लिखें।

होली रंगों से मनाई जाती है। एक दूसरे के मुख पर गुलाल मलते हैं। पिचकारी में रंग भरकर दूसरों के कपड़ों पर डालते हैं।

## 11. चिड़िया का बच्चा

**अ. पर्याय शब्द लिखें:**

चिड़िया - विहग, पक्षी　　शाखा - टहनी, डाली

**आ. समान अर्थवाले शब्द लिखें:**

पेड़ = तरु　　आवाज़ = ध्वनि

बाग = बगीचा　　प्रयत्न = कोशिश

**इ. दो-दो शब्द बनाएँ:**

च्च - बच्चा, कच्चा　　स्त - नमस्ते, बस्ता

द्य - विद्या, विद्यालय

**ई. किसने किससे कहा ?**

क. कमला ने नितिन से कहा।

ख. नितिन ने गोपाल से कहा।

## 12. तितली रानी (कविता)

**आ. गलत लिखे शब्दों को ठीक करें:**

क. नहीं, ख. रानी, ग. बगीचा, घ. उन्हें, ङ. हमारी

## 13. स्वाभिमानी बालक

**आ. वाक्यों को क्रमानुसार लिखें:**

क. गंगा नदी के किनारे एक छोटा-सा निर्धन बालक बैठा था।

ख. उसके पास नाववाले को देने के लिए पैसे नहीं थे।

ग. देखते-देखते वह दूसरे किनारे पहुँच गया।

घ. आगे चलकर लाल बहादुर शास्त्री के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

**इ. वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें:**

जिसमें स्वाभिमान हो - स्वाभिमानी

जिसके पास धन हो - धनी

जिसमें साहस हो - साहसी

जो संकोच करे - संकोची

## 14. सप्ताह के दिन

**अ. इन शब्दों के अर्थ लिखें:**

कल = yesterday, tomorrow

आज = today

रविवार = sunday

गृहकार्य = homework


**आ. दो-दो शब्द बनाएँ:**

ट्ट - छुट्टी, पट्टी

न्य - धन्यवाद, न्याय

प्त - सप्ताह, समाप्त

**इ. प्रिया दिन का एक पदसूर्य बना रही है, उस पदसूर्य को पूरा करने में उसकी सहायता करें:**






## 15. मोर

**अ. नीचे दिए गये वाक्यों में जो वाक्य सही है उसके आगे सही ✓ और जो वाक्य गलत है उसके आगे ✗ चिह्न लगाएँ:**

क. ✓ ख. ✗ ग. ✓ घ. ✓

**आ. इन वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें:**

जिसे शांति प्रिय हो - शांतिप्रिय

सब कुछ खानेवाला - सर्वभक्षी

जिसमे आकर्षण हो - आकर्षक

जो दूसरे देश का हो - विदेशी

जो अपने देश का हो - स्वदेशी

**इ. शब्दों के सही रूप से वाक्य पूरे करें:**

क. राष्ट्रीय, ख. नीले, ग. शत्रु

**ई. उत्तर लिखें:**

क. हमारा राष्ट्रीय गान क्या है?

जन-गण-मन हमारा राष्ट्रीय गान है।

ख. मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी कैसे बन गया?

लंबी गरदन पर नीले मखमल जैसे मुलायम बाल, बड़ी बड़ी आँखें और मस्त चाल आदि गुणों के कारण मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी बन गया।

## 16. खुशी के आँसू (कविता)

**आ. इन शब्दों के अर्थ लिखें:**

दिन = day नीड़ = nest बच्चे = children

सुंदर = beautiful भोजन = food

## 17. फुटबॉल

**अ. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करें:**

क. पसंद, ख. व्यायाम, ग. महँगा, घ. विशेष, ङ. अंतर्राष्ट्रीय

**आ. वचन बदलें:**

मोहल्ला - मोहल्ले | बच्चा - बच्चे

दुकान - दुकानें | लड़का - लड़के

**इ. उत्तर लिखें:**

क. मैदान में सब बच्चे क्या खेलना चाहते थे?

मैदान में सब बच्चे अपनी-अपनी पसंद का खेल खेलना चाहते थे।

ख. अब्दुल और अहमद क्या खेलना चाहते थे?

अब्दुल और अहमद क्रिकेट और कबड्डी खेलना चाहते थे।

ग. किन्हीं चार खेलों के नाम लिखें।

फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, पोलो

## 18. केरल

**आ. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करें:**

क. तिरुवनन्तपुरम  ख. कालड़ी  ग. ओणम

घ. कला  ङ. कोच्चि

**इ. विलोम शब्द लिखें:**

प्रसिद्ध x कुप्रसिद्ध | नया x पुराना

देश x विदेश | सुंदर x कुरूप

## 19. वीर सिपाही (कविता)

**आ. इन पंक्तियों के अर्थ लिखें:**

नहीं रुके ये कदम तुम्हारे,
नहीं झुके ये शीश तुम्हारे।

हमें हमेशा आगे ही बढ़ना चाहिए। हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए।



## 20. बड़ा कौन

**अ. समानार्थक हिन्दी शब्द लिखें:**

संसार = दुनिया | वायु = हवा

वर्षा = बारिश | बलवान = शक्तिशाली

**आ. विलोम शब्द लिखें:**

शक्तिशाली x कमज़ोर | सुख x दुख

ऊपर x नीचे | संतुलन x असंतुलन

बलवान x बलहीन | कठोर x नरम

**इ. किसने किससे कहा?**

क. "लेकिन सब जीव-जन्तुओं की प्यास तो मैं ही मिटाती हूँ।"

नदी ने पेड़ से कहा।

ख. "रास्ते में अगर मैं न आता तो बादल तू वर्षा बनकर कैसे बरसता?"

पहाड़ ने बादल से कहा।

## 21. इनको पहचानिए

**अ. पढ़ें, समझें और लिखें:**

गरम - गरमी | सफल - सफलता

रोग - रोगी | नम्र - नम्रता

शांत - शांति | दीन - दीनता

**आ. सही शब्दों से वाक्य पूरे करें:**

क. ठंड, ख. चुपचाप, ग.अच्छा घ.खुशी

**इ. उल्टे अर्थवाले शब्द लिखें:**

देश x विदेश | रोगी x निरोगी

स्वस्थ x अस्वस्थ | जीवित x मृत

सफलता x असफलता | रुचि x अरुचि

**ई. तीन विश्व प्रसिद्ध नारियों के नाम लिखें:**

इन्दिरा गाँधी, मदर टेरेसा, हेलन केलर